**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या-1 का उत्तर -**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| (क) क्या औद्योगिक विकास मंत्री बतायेंगे कि दिनांक 0 1 जनवरी, 2024 से दिनांक 2 8 अगस्त, 2024 के मध्य प्रयागराज व झांसी मण्डल में संबंधित विभाग की कौन-कौन सी योजनाओं के अन्तर्गत जनता को क्या-क्या लाभ प्राप्त हुए ? | 1. यूपीडा की गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना दिनांक 03.11.2022 से निर्माणाधीन है, जिसकी लम्बाई 593.947 किमी0 है। यह एक्सप्रेसवे परियोजना मेरठ से प्रारम्भ हो कर प्रयागराज में समाप्त हो रही है।<br>2. झांसी जनपद में विकसित डिफेंस कॉरिडोर में रक्षा क्षेत्र से संबंधित इकाईयों को भूमि आवंटन किया जा रहा है।<br>3.यूपीडा द्वारा एक्सप्रेसवे के किनारे इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रयागराज मण्डल के जनपद प्रयागराज एवं प्रतापगढ़ तथा झांसी मण्डल के जनपद जालौन में इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर हेतु चिन्हित भूमि का क्रय/अर्जन सम्बन्धी कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।<br>यूपीसीडा द्वारा प्रयागराज मण्डल में प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्र सरस्वती हाईटेक सिटी में मे0 वरूण वेबरेजज लि0 को 24.71 एकड़ भूमि आवंटन किया गया है जिस पर आवंटी कम्पनी द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है जिसमें रू0 1052.57 करोड़ का निवेश तथा 250 व्यक्तियों का रोजगार सृजन प्रस्तावित है। |

इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्र नैनी, जनपद प्रयागराज में 173 इकाईयों क्षेत्रफल लगभग 308 एकड़ पर उत्पादनरत है एवं औद्योगिक क्षेत्र मलवां, जनपद फतेहपुर में 107 इकाईयां क्षेत्रफल लगभग 189 एकड़ पर उत्पादनरत है।

दिनांक 01 जनवरी, 2024 से 28 अगस्त, 2024 के मध्य औद्योगिक क्षेत्र नैनी में 06 भूखण्ड, क्षेत्रफल 2.27 एकड़ जिसमें 35.88 करोड़ का पूँजी निवेश तथा 100 व्यक्तियों का रोजगार सृजन प्रस्तावित है। इसी प्रकार जनपद फतेहपुर के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्र मलवाँ में 07 भूखण्ड, क्षेत्रफल 6.64 एकड़ जिसमें 63.00 करोड़ का पूँजीनिवेश तथा 290 व्यक्तियों का रोजगार सृजन प्रस्तावित है।

उक्त के साथ ही प्रयागराज मण्डल के जनपद प्रतापगढ़ में मे0 आटो ट्रैक्टर लि0 की लगभग 98 एकड़ भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है।

झांसी मण्डल में प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय झांसी के अंतर्गत जनपद झांसी में आने वाले 03 औद्योगिक क्षेत्रों में 181 इकाईयॉ क्षेत्रफल लगभग 103.75 एकड़ जिसमें 11.00 करोड़ का पूंजीनिवेश तथा 381 व्यक्तियों का रोजगार सृजन प्रस्तावित है। इसके साथ ही जनपद जालौन के अंतर्गत आने वाले 02 औद्योगिक क्षेत्रों में 60 इाकईयां क्षेत्रफल लगभग 114.47 एकड़ जिसमें 22.64 करोड़

का पूंजीनिवेश तथा 531 व्यक्तियों का रोजगार सृजन प्रस्तावित है।

दिनांक 01 जनवरी, 2024 से 28 अगस्त, 2024 के मध्य औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेंटर फेज-2 में 09 भूखण्ड, क्षेत्रफल 1.54 एकड़ जिसमें 7.01 करोड़ का पूंजीनिवेश तथा 120 व्यक्तियों का रोजगार सृजन प्रस्तावित है। इसी प्रकार जनपद जालौन के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्र उरई में 16 भूखण्ड, क्षेत्रफल 7.42 एकड़ जिसमें 30.34 करोड़ का पूंजीनिवेश तथा 458 व्यक्तियों का रोजगार सृजन प्रस्तावित है।

इसके साथ झांसी मण्डल के ललितपुर जनपद प्राधिकरण द्वारा 1400 एकड़ भूमि पर फार्मा पार्क को विकसित किया जा रहा है।

बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण झांसी औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण/नये औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 01 जनवरी, 2024 से दिनांक 28 अगस्त, 2024 के मध्य उपरोक्त महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत रू0743,12,86,256 लागत से 1446.75 हे0 भूमि झांसी में बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा नोएडा की तर्ज पर एक नये इंडस्ट्रीयल टाउनशिप विकसित किये जाने के लिए आपसी समझौते से 2022 कृषकों से ली गयी है तथा कृषकों को चार गुना प्रतिफल दिया गया है। प्रस्तावित नये इंडस्ट्रीयल टाउनशिप उद्योगों के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थाओं, अन्य

| | |
|---|---|
| | सेक्टर से संबंधित संस्थाओं के विकास, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं आवासीय परिसर के निर्माण को बढ़ावा देगा। प्रस्तावित नये शहर में विश्वस्तरीय नियोजन व उसके अनुसार अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। |
| (ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार विवरण अंकित कर दिया गया है अतः पृथक से सदन की मेज पर रखने का औचित्य नहीं है। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

Signed by
Jaswant Singh Saini
Date: 11-12-2024 17:32:14

(जसवन्त सिंह सैनी)
राज्य मंत्री।